हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 जनवरी 2024



04 मतदाता दिवस की शपथ दिलाकर उत्कृष्ट ...



08 फरियादी पर तो एफआईआर होगी आप...



## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण करने पर होगी जुर्माने की कार्रवाई

**नलखेड़ा।** नगर में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने के बाद अब नगर परिषद मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण करने पर जुर्माने की कार्रवाई करेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र कुमार वत्स ने बताया कि नगर में स्थित लखुंदर नदी की बड़ी पुलिया से सरदार पटेल चौराहा, शिवाजी चौराहा से गणेश चौराहा एवं शिवाजी चौराहा से अंबेडकर चौराहे तक दुकानदार अथवा हाथठेला व्यवसायी द्वारा अपनी दुकान, आवास आदि के सामने सामान रखकर अस्थाई, स्थाई अतिक्रमण किया जाता है तो निकाय द्वारा संबंधितों पर वैद्यानिक कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये तक का जुर्माना किया जाएगा। इस संबंध में नगर में मुनादी कराई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

**जावर।** नगर के एमजी कान्वेंट पब्लिक स्कूल जावर में अयोध्या में चल रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई विद्यालय में छात्र-छात्राएं श्रीराम सीता लक्ष्मण और हनुमान जी बनकर आए। साथ ही भजनों पर मंचन किया गया इस अवसर पर श्रीराम के जीवन को लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया।

### नगर परिषद की बैठक में 48 बिंदुओं पर प्रस्ताव हुए पास

# परिषद की बैठक में हुआ विचार, शहर से बाहर जाएंगी मांस-मटन की दुकानें

नगर परिषद की बैठक में देश में प्रसिद्ध कुबेरेश्वधाम क्षेत्र को सीहोर नगरीय क्षेत्र की सीमा में शामिल करने नगर परिषद ने शासन से मांग करने पर विचार किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को शहर के विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका सभाकक्ष में नगर के महत्वपूर्ण 48 बिन्दुओं पर चर्चा हुई और अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय की मौजूदगी में अनेक विषयों पर चर्चा की गई। परिषद की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे शहर की आन, बान और शान भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के देश में प्रसिद्ध कुबेरेश्वधाम क्षेत्र को सीहोर नगरीय क्षेत्र क सीमा में सम्मिलित करने के लिए नगर परिषद ने शासन से मांग करने पर विचार किया जा रहा है।

हमें विश्वास है कि सीहोर शहर को सुंदर, स्वच्छ और विकसित बनाने के साथ-साथ ही कुबेरेश्वरधाम क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने अपनी स्वीकृति व्यक्त की है। इसके अलावा करोड़ों रुपए का विकास कार्यों का रोडमैप तैयार किया है। परिषद की




बैठक के दौरान नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में सीहोर नगर में संचालित मांस-मटन की दुकानों को नगर से बाहर रफीकगंज के पास शिफ्ट करने व भूमि आवंटन की शासन से मांग करने पर विचार किया गया। इसके अलावा परिषद की बैठक में वार्ड क्रमांक 28 में नगर पालिका स्टोर से विनोद जैन के घर तक डॉ. जरेठा के घर तक सीसी सड़क/नाली आदि की निविदा, वार्ड क्रमांक 18 में पावर हाउस चौराहे टंकी के पास व्यावसायिक भवन निर्माण कार्य हेतु प्राक्कलन रुपए 61.39 लाख की सक्षम प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति हेतु बैठक प्रस्ताव की पुष्टि के संबंध में, वार्ड क्रमांक 21 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर की विभिन्न सड़कों में सीसी सड़क निर्माण लागत 82.83 की निविदा आदि के संबंध में प्रस्ताव पास किए गए।

# गणतंत्र दिवस : नगर परिषद अध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण

### मुख्य समारोह नगर परिषद में होगा




**नलखेड़ा।** नगर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अशासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मुख्य समारोह नगर परिषद पर आयोजित होगा। जहां नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। यहां पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिन्हें नगर परिषद की ओर से पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

गणतंत्र दिवस पर नगर के विभिन्न स्कूलों में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ प्रभातफेरी भी निकाली जाएगी। विभिन्न स्कूलों द्वारा निकाली जाने वाली इस प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं द्वारा भाग लिया जाएगा। नगर परिषद की ओर से सभी स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर सभी ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड मुख्यालय के साथ ही शालाओं में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय चौक बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहणकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। शिवाजी चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से ध्वजारोहण तथा सरदार पटेल चौराहे पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# प्राचीन जगदीश मंदिर में सुंदरकांड के बाद भंडारे का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में नियमित रूप से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर देर रात्रि को आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के बाद भंडारा किया गया था। इसमें करीब तीन से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, विशेष अतिथि मनोज दीक्षित मामा ने काऊडिया से आए युवा मानस मंडल में शामिल 14 वर्षीय बालकों को सम्मान किया।

इस संबंध में परमार समाज के पूर्व चल समारोह अध्यक्ष विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि प्राचीन जगदीश मंदिर में हर मंगलवार को शहर सहित आस-पास के मानस मंडलों को द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। देर रात्रि को काऊडिया मानस मंडल ने पाठ किया। इस



मौके पर मानस मंडल में शामिल बालकों को समाज के लोगों ने सम्मान किया। मंदिर के पुजारी रोहित व्यास ने बताया कि वर्षों बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का विराजमान और प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया है।

इसको लेकर मंदिर परिसर में दीपोंत्सव भी मनाया गया था। उन्होंने युवा पीढ़ी से अनुरोध किया है कि जहां पर भी सुंदरकांड सहित अन्य आयोजन होते है वह पर जाकर भक्तिभाव से शामिल हो। जो भी जातक प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करता है उसकी एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उसके द्वारा किए जाने वाले किसी भी काम का परिणाम हमेशा सकारात्मक मिलता है। इसलिए हर घर में सुंदरकांड का पाठ करने को बताया गया है। नियमित पाठ करने से व्यक्ति के अंदर से नकारात्मक शक्तियां दूर चली जाती है। मंदिर परिसर में सुंदरकांड के उपरांत रात्रि बारह बजे तक भंडारे का आयोजन किया था।

# भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा विश्व में भारत की प्रतिष्ठा का प्रतीक है: राजस्व मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संस्कृत भारती द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत भाषा के सम्मेलन राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की अधिकांश भाषाओं की जननी कही जाती है। वर्मा ने कहा कि अगर हमें अच्छे परिवार का निर्माण, अच्छे समाज का निर्माण, एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण या राम राज्य का निर्माण करना है तो संस्कृत भाषा को साथ में लेकर चलना होगा। भारत में संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृत भारती संगठन के कार्य की सराहना की।

उन्होंने कहा कि छात्रों को अच्छे संस्कार संस्कृत में लिखे नैतिक वचनों से भी दिए जा सकते हैं। इसलिए संस्कृत शिक्षकों का यह दायित्व है और छात्रों के चरित्र निर्माण में वह अपना उत्कृष्ट योगदान दे। सीहोर के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने संस्कृतमय वातावरण बना दिया आशीर्वचन में आपने कहा कि संस्कृत तो जन - जन की भाषा है। आज आवश्यकता संस्कृति और संस्कृत से जुड़ने की है। सीहोर विधाय सुदेश राय ने अपने अनुभव सुनाते हुए संस्कृत भाषा के महत्व का उल्लेख किया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री जागेश्वर पटले, ने संस्कृत की महत्ता व संस्कृत भारती के भारत सहित विश्व स्तर पर कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर धर्मेन्द्र शर्मा, संस्कृत भारती प्रांत प्रचार प्रमुख पवन द्विवेदी उपस्थित रहे।

## प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भी नगर में प्रभातफेरी निकलना जारी

**नलखेड़ा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर सहित आसपास के ग्रामों में एक माह से अधिक समय पूर्व से भक्तों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। ये प्रभातफेरियां प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद भी निकलना लगातार जारी है। गत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो चुकी है। इसके पूर्व नगर सहित तहसील के सभी ग्रामों में प्रतिदिन विशाल प्रभातफेरियां निकाली जा रही थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी नगर सहित आसपास के ग्राम धरोला सहित अन्य ग्रामों में भक्तों द्वारा प्रभातफेरी निकालना जारी रखा। भक्त अभी भी प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में झांझ, मजीरे व ढोलक की थाप पर रामधुन एवं अन्य भजन गाते हुवे प्रभातफेरी निकाल रहे है। हालांकि अब प्रभातफेरी में भक्तों की संख्या जरूर कम हो गई है, लेकिन यह संख्या धीरे धीरे फिर से बढ़ सकती है।

## स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज करने में सीहोर जिला प्रदेश में प्रथम



**सीहोर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत सीहोर अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज में प्राप्त 54.75 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध 55.09 करोड़ का बैंक ऋण समूहों को उपलब्ध कराया गया। जिले द्वारा 101 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आवांटित लक्ष्य से अधिक बैंक लिंकेज कराने के लिए जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश बरफा की सराहना की। उल्लेखनीय है कि बैंक ऋण के माध्यम से स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधि की जा रही है जैसे मसला उद्योग, मनहारी दुकान, जनरल स्टोर, साडी दुकान, कियोस्क सेंटर,पशु पालन,मछली पालन, कृषि,चूड़ी निर्माण, झाड़ू निर्माण संबंध गतिविधि की जा रही है।

## पीएससी चयनित आगर की नेहा को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश सिविल सेवा 2020 के माध्यम से सहकारी विस्तार अधिकारी के रूप में चयनित नेहा पिता कैलाश चंद्र मालवीय को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान कर लोक हित में कार्य करने की शुभकामनाएं दी। नेहा पीएमश्री हाई स्कूल पालखेड़ी आगर के प्राचार्य केसी मालवीय की सुपुत्री होकर आगर की बेटी हैं। नेहा की प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई ,नवोदय विद्यालय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर 6 से 12वी तक की शिक्षा अर्नियाकलाँ नवोदय विद्यालय शाजापुर से प्राप्त की। प्रदेश के एस जीएस आईटी एस कॉलेज इंदौर से कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की। नेहा की इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादाजी ,माता -पिता और गुरुजनों की प्रेरणा को दिया तथा आगे और उच्च पद की और अग्रसर होकर सिविल सेवा के माध्यम से शासन की योजनाओं को लोक हित में अपनी भूमिका निभाना, लक्ष्य बताया। नेहा के चयन पर हर्ष व्यक्त कर अनेकानेक शुभाशीष प्राप्त हुए हैं।

## नागेश्वर तारक तीर्थ धाम पर मंदिर की वार्षिक वर्षगांठ पर हुआ ध्वजारोहण कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारकतीर्थ धाम पर मंदिर की वर्षगांठ पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम गुरुवार को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। नलखेड़ा-आमला मार्ग पर स्थित ग्राम लालूखेड़ी में प्रकृति की सुंदर व सौम्य वादियों में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थधाम का निर्माण हुआ है, यहां पर एक भव्य मंदिर बनाया गया है। जिसमें परमात्मा की नयनाभिराम दिव्य अलौकिक प्रतिमा के साथ अनंत लब्धि निधान



गुरु गौतम स्वामी जी, तपागच्छ के अधिष्ठायक देव मणिभद्रवीरजी, नाकोडा भैरवजी के साथ अन्य गुरु भगवन्तों की प्रतिमाएं स्थित हैं। तीर्थ स्थल पर गुरुवार को मंदिर जी की वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।

इंदरमल चौथमल फाफरिया परिवार रहा। जिनके द्वारा मंदिर शिखर पर विजय मुहूर्त में विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ ध्वजारोहण किया गया। इसके पूर्व परमात्मा की सत्तरभेदी पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई तथा लाभार्थी परिवार द्वारा स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया व परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना की गई।

### अभी ऐसा ही रहेगा मौसम, बारिश की कोई संभावना नहीं

# सीजन का सबसे कम 3.8 डिग्री दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला इस समय शीत लहर की गिरफ्त में है। बुधवार को इस सीजन का सबसे कम 3.8 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। इसके चलते लोगों की सुबह देरी से हुई। हालांकि इसके बाद सूर्य की चमक के आगे तेज सर्दी का असर थोड़ा कम हो गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जानकारी के अनुसार जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में शीत लहर अपना तेज असर दिखा रही है। हवाएं दक्षिण पूर्व से चल रही है उसकी रफ्तार भी सामान्य से ज्यादा है जिससे शीतलहर का असर भी तेज है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि अभी ऐसा ही मौसम रहेगा बारिश की कोई संभावना नहीं है। आगामी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आसमान में हल्के बादल से माध्यम हल्के बादल छाये रखने का अनुमान है। हवा की दिशा प्रारम्भ में उत्तर पूर्व से एवं बाद के दिनों में लगातार पूर्व से रहने का अनुमान है। दिन एवं रात्रि के तापमान में मामूली बढ़ोतरी रहने का अनुमान है । हवा की गति 09 से 10 किलो मीटर प्रति घण्टा चलने



का अनुमान है। आगामी दिनों में हवा की दिशा पूर्व से होने के कारण पाला पडने की सम्भावना नहीं है।

### तापमान में गिरावट की संभावन

आगामी दिनों में हवा की दिशा में अचानक परिवर्तन होने की सम्भावना रहने के कारण तापमान में गिरावट होने का अनुमान है। अतः फसल को पाले से बचाव के लिए निम्न उपाय करें। फसल के अवशेष जलाकर धुंआ करें और सिंचाई करें। सल्फर डस्ट (80 प्रतिशत ब्लूपी) 8प गाम प्रति पम्प के हिसाब से छिडकाव करें। अगर आगे सम्भावना हो तो 10-12 दिन के अंतराल पर पुनः छिडकाव करें। गंधक का अम्ल 0.1 प्रतिशत या 1 पी.पी. एम. की मात्रा में अर्थात लीटर सल्फ्यूरिक अम्ल (93 प्रतिशत) किलोग्राम ग्लूकोज दोनों को 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें। अगर आगे सम्भावना हो तो पुनः 10-12 दिन के अन्तराल पर छिडकाव करें।

### शीतलहर के दौरान क्या करें

सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएं, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है।शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

# सेना भर्ती: 8 फरवरी से 21 मार्च तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 8 फरवरी 2024 को इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in पर जारी किया जाएगा। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 8 फरवरी से 21 मार्च तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर (पुरूष) की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडसमैन आठवीं पास, ट्रेडसमैन दसवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एसएसी और धर्मगुरु के पदों के लिए जारी किया जायेगा। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई के महीने में होने की संभावना हैं। सेना मुख्यालय ने संशोधन करके सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र में अब कुल 15 जिलों को सम्मिलित किया है जिसमें भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ, रायसेन, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और पनधुर्ना हैं।

इन सभी जिलाओं के रोजगार अधिकारी और उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि आगे कि कार्यवाही इसी के अनुसार करें। सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि अपना यूजर आईडी और पासवर्ड भारतीय सेना की साइट पर बनाकर तैयार रखें जिससे आनलाइन पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे। किसी भी स्पष्टीकरण/सहायता के मामले में उम्मीदवार कोहे.ए.फिजा रोड, सेना भर्ती कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## मटन, मांस, मछली विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

**देवास।** शासन निर्देशानुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस व 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के निर्वाण दिवस पर निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित मास, मटन, मछली चिकन के वध व विक्रय पर अण्डे की दुकाने बंद रहेगीं। इस संबंध मे आयुक्त रजनीश कसेरा ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस व 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस को दृष्टिगत रखते हुए इन दिवसो मे निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित मास, मटन, मछली चिकन के वध व अण्डे की दुकाने पूर्णतया बंद रहेंगी के निर्देश संबंधित व्यवसाईयों को जारी किये गये है। आयुक्त ने कहा कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 254 की उपधारा (1) मे उल्लेखित नियमो के अनुसार निगम सीमा सीमा क्षेत्र मे मास, मटन, मछली, चिकन के वध व विक्रय पर दिनांक 26 जनवरी गणतंत्र दिवस व 30 जनवरी को महात्मा गांधी जी के निर्वाण दिवस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस रहेगा

**देवास।** शासन द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त देवास ने बताया कि शुष्क दिवस पर जिले की सभी देशी/विदेशी मदिरा दुकानें, वाईन आउटलेट तथा सभी मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेंगे एवं मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी।

## लीलाबाई अटारिया करेंगी ध्वजारोहण

**देवास।** गणतंत्र दिवस पर जिला पंचायत देवास में प्रातः 08 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया ध्वजारोहण करेंगी। इसके पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ में प्रातः 09 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया ध्वजारोहण करेंगी।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का किया आयोजन

# मतदाता दिवस की शपथ दिलाकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

### नए मतदाताओं को प्रदान किए ईपिक कार्ड, मतदान संबंधी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2024 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' थीम पर जिला स्तरीय ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम कलेक्टर ऋषव गुप्ता के आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका मिमरोट, डॉ समीरा नईम, इलेक्शन सुपरवाईजर मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का वर्चुअल संवाद सुना गया। कलेक्टर गुप्ता ने मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रभोलन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला स्तरीय ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' कार्यक्रम में कलेक्टर गुप्ता ने निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गैर सरकारी संस्थाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, अधिकारियों/कर्मचारियों, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया। नए युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए। निबंध प्रतियोगिता के जिला स्तरीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दिये गये। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में विधानसभा चुनाव बहुत अच्छे से कराया गया है। निर्वाचन में सभी अधिकारी-कर्मचारी एक उद्देश्य से कार्य करते हैं। महिला कर्मचारी देवास जिले में जीवंत उदाहरण है, पुरुषों के बराबर ही नहीं बल्कि पुरुषों से बेहतर कार्य कर रही है। सभी महिला अधिकारियों को बधाई। लोकतंत्र एक प्रक्रिया है, निर्वाचन के दौरान कंधों पर बहुत बड़ी जवाबदारी रहती है। निर्वाचन में हम सब विश्वास के साथ एक साथ कार्य करते हैं। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि ईवीएम भले एक मशीन है, पर चुनाव प्रक्रिया ऐसी है कि चाह कर भी कोई हैक नहीं कर पाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा इतने प्रावधान डाले गए हैं कोई हैक नहीं कर पाये। यह प्रक्रिया एक दिन में नहीं बनी, इलेक्शन कमिशन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है। एपिक कार्ड के लिए पहले बीएलओ के पास जाना पड़ता था। अब एक के माध्यम से हम ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जिले में निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, पोलिंग पार्टी ने बहुत अच्छी तरह से कार्य किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका मिमरोट ने कहा कि निर्वाचन टीम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में अभी 12 लाख 13 हजार मतदाता है। जिले में जेंडर रेशों भी बड़ा है। मतदाता सूची का कार्य अच्छे से हुआ है। हम विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव भी निर्विघ्न रूप से संपन्न करायेंगे। निर्वाचन में सहभागिता करते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करें।




# कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रक्षेत्र दिवस का किया आयोजन

### नई-नई किस्मों की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कृषि विज्ञान केन्द्र देवास द्वारा विकासखण्ड टोंकखुर्द के ग्राम बरदू में सरसों फसल पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र देवास के प्रधान वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. ए.के.बड़ाया, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.एस.भार्गव, डॉ. महेन्द्र सिंह एवं तकनीकी अधिकारी डॉ. सविता कुमारी, लगभग 150 कृषको ने भागीदारी की। कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बड़ाया ने प्रक्षेत्र दिवस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र देवास द्वारा नई-नई प्रजातियों का प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न ग्रामों में नई-नई किस्मों की जानकारी दी जाती है। इसके अंतर्गत टोंकखुर्द विकासखण्ड के ग्राम बरदू में सरसों की नई किस्म आर.एच. 725 दी गई। साथ ही कृषकों के यहां लगाये गये विभिन्न प्रदर्शनों को भी देखा। डॉ. बड़ाया ने बताया कि टोंकखुर्द विकासखण्ड में जंगली जानवरों एवं विल्ट की बीमारी की गया वजह से चने के रकवे में काफी कमी होती जा रही है। चने की जगह अगर कृषक बंधु सरसों फसल को लगाते हैं तो चने की तुलना में अधिक लाभदायक फसल सिद्ध होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डॉ. महेन्द्र सिंह ने सरसों फसल में आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने सरसों के साथ-साथ खरीफ मौसम में सोयाबीन के साथ अन्य फसलों जैसे मक्का, ज्वार, अरहर आदि को भी अपनाने एवं उनकी उन्नत कृषि तकनीकी की भी जानकारी दी। उन्होंने खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए समन्वित खेती प्रबंधन अंतर्गत फसलों के साथ बगीचा लगाने, सब्जी खेती करने एवं खेती से संबंधित व्यवसाय जैसे डेयरी, मुर्गी पालन व बकरी पालन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.एस.भार्गव ने सिंचाई जल प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने वर्षा जल संचयन हेतु नलकूप, कुएं आदि को रिचार्ज करने पर जोर दिया। साथ ही खेती में उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से कृषि यंत्रों को अपनाने के बारे में जानकारी दी। सालीडरीडेड संस्था के चेतन ने भी कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए सरसों फसल को अपनाने एवं उसकी तकनीकी के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनीष कुमार का योगदान रहा।

# हिंद फौज देवास के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में 25 गोल्ड, 10 सिल्वर और एक ब्रोंज मैडल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

44वीं स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप जो भौपाल में बीएचएल के सीआईएसएफ ग्राउंड में सम्पन्न हुई, जिसमें हिन्द फौज के सैनिकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैडल जीते। देवास जिला/कारपोरेशन मास्टर एथलेटिक्स के सचिव सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि देवास जिला/कार्पोरेशन मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के खिलाडियों ने 25 गोल्ड 10 सिल्वर एवं 1 ब्रोन्ज मेंडल जीता कर देवास का नाम रोशन किया। विजेता खिलाडियों में नालिनि कालेलकर 2 गोल्ड, सृजनिका लोखंडे 2 गोल्ड, मीना राव 2 गोल्ड, सीमा गिरी 2 गोल्ड, कविता शर्मा 2 गोल्ड, मनोज पारोचे, 2 गोल्ड, विक्रांत जोशी 2 गोल्ड, ब्रजेन्द्र छाबड़ा 2 गोल्ड, सत्यनारायण वर्मा 2 गोल्ड, कृतिका निरखे 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, अलका जगताप 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, श्रीजा अग्रवाल 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, विकास गिरी 1 सिल्वर, खुशबू पागनिस 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, जयश्री चौहान 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, कुमेर सिंग वर्मा, 1 सिल्वर रवि अग्रवाल, 1 सिल्वर, 1 ब्रोन्ज, शैलेन्द्र सागते 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, अश्विन पेंगनिस 1 गोल्ड, अजय व्यास 2 सिल्वर मैडल जीते। सभी विजेता खिलाडि़यों को देवास जिला/कार्पोरेशन मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक राजेश यादव, अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, हिन्द फौज पदाधिकारी नीलू सक्सेना, अजय दायमा, ताषिन शेख, आरती दायमा, रीना पटेल, मनोज पटेल, सुरेन्द्र शुक्ला ने बधाई देते हुए और शुभकामनाएं दी।




## 26 को मल्हार स्मृति मंदिर में भारत पर्व का आयोजन

**देवास।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर रात्रि 7 बजे से मल्हार स्मृति मंदिर सभाकक्ष देवास में भारत पर्व कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, लोकनृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। भारत पर्व आयोजन में अधिक से अधिक नागरिक शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मनाये। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व के आयोजन पर सयाजी द्वार देवास पर शासन की योजना और नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किये गये तीन नये कानून संबंधी जानकारी पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

# जिला अभिभाषक संघ के चुनाव ने पकड़ी गति वकालत न करने वाले सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं- राजेंद्र बापट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अभिभाषक संघ के चुनाव 7 मार्च को प्रस्तावित है। चुनाव की गहमागहमी न्यायालय परिसर में चल रही है। वाट्सअप एवं व्यक्तिगत रूप से उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी दर्ज करा रहे हैं और प्रचार भी कर रहे हैं। चुनाव अधिकारी राजेन्द्र बापट ने संघ के बकाया शुल्क भरने की आखरी तारीख 7 फरवरी घोषित की है। दावे आपत्तियों के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। जिसमें राज्य अधिवक्ता संघ के द्वारा मतदाता प्रमाणित सुची और निर्देशो का पालन किया जाएगा। श्री बापट ने बताया कई सदस्यों ने अभिभाषक के रूप में पंजीयन कराया है, किंतु वे वकालत नहीं करते हुए जो अन्य व्यवसायिक गतिविधियां में लिप्त है। उनका नाम राज्य अधिवक्ता परिषद तथा संघ के नियमों के निर्देशो के तय मानदंड पर खरे न उतरने पर मतदाता सूची में से हटाने का कटु निर्णय भी लिया जा सकता है। मुख्य चुनाव अधिकारी बापट के नेतृत्व में चुनाव समिति के सभी सदस्यों श्री यार्दी, मोदी, राम श्रीवास्तव, आनंद अधिकारी, भगवानसिंह गुर्जर, शेर सिंह पटेल, श्रीमती मिथलेश सोनी,पूजा दाड़ अभिभाषक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा से भेंट की । इस अवसर पर विशेष सत्र न्यायाधीश दिनेश प्रसाद मिश्रा और डिसट्रिक्ट रजिस्ट्रार यशपाल सिंह भी उपस्थित थे। इस बीच करीब 1000 की सदस्यता वाले संघ के चुनाव संपन्न कराने के लिए न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता भवन की मांग के लिए अति मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री यार्दी ने जिला जज महोदय को समिति का पत्र सौपा और चुनाव की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। चुनाव अधिकारी श्री राम श्रीवास्तव एवं आंनद अधिकारी ने चुनाव को लेकर की जा रही व्यवस्था को लेकर जानकारी से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य, मिथलेश सोनी, पूजा दाड़ भगवानसिंह गुर्जर, शेरसिंह पटेल अभिभाषक ने विधिक सहायता अधिकारी निहारिका सिंह से भी भेंटकर पत्र उन्हें भी पत्र सौंपा। उक्त जानकारी चुनाव सहायक गुड्डू सिरोलिया ने दी।

# आईडीए देवास को मिली उपलब्धि, बनी बेस्ट ब्रांच, डॉक्टर सेंधव बने बेस्ट प्रेसिडेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीते रविवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन की एमपी स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन, ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में हुआ। इसमें मध्यप्रदेश की सभी 23 शाखाओं ने भाग लिया, जिसमे देश विदेश के दिग्गज डॉक्टर शामिल हुए।तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस के दौरान अनेक प्रकार के सेमिनार, लाइव डेमोंसट्रेशन एवं लेक्चरर्स का आयोजन हुआ।देवास ब्रांच को पूरे साल में सक्रिय और उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बेस्ट ब्रांच का अवार्ड दिया गया। सेंधव को यह उपलब्धि मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं विधायक मालिनी गौड़ द्वारा प्रदान की गई।

इस अवसर पर आई.डी.ए.के नेशनल प्रेसिडेंट डॉक्टर चुग एवं मध्य प्रदेश शाखा के अध्यक्ष डॉक्टर मनीष वर्मा एवं सचिव डॉक्टर विवेक चौकसे उपस्थित थे। यह पुरस्कार डॉ अशोक सिंह सेंधव (अध्यक्ष आइ.डी.ए.) देवास एवं उनकी टीम डॉ वरुण आनंद एवं डॉ अभिषेक सोनी ने सामूहिक रूप से लिया। इस दौरान डॉक्टर सेंधव को ₹बेस्ट प्रेसिडेंट₹ रनर अप अवार्ड दिया गया।

इस उपलब्धि के लिए आइ.डी.ए.अध्यक्ष डॉक्टर सेंधव ने ब्रांच के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा देवास ब्रांच की यह उपलब्धि सभी ब्रांच के सदस्यों के एक्टिव पार्टिसिपेशन के कारण संभव हो पाई । इस उपलक्ष पर डॉक्टर नितिन मुंगी संरक्षक आइ.डी.ए. ब्रांच ने सभी को बधाई दी एवम भविष्य में ऐसे ही सक्रिय कार्य करने के लिए प्रेरित किया।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. वैभव शर्मा ने दी।




नगर परिषद करनावद
की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
अध्यक्ष
परसराम पाटीदार
उपाध्यक्ष
राजेश गोयल
सौजन्य से : नगर परिषद करनावद, तहसील बागली जिला-देवास (म.प्र.)


नगर परिषद बागली
की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
श्रीमती सीमा कमल यादव
अध्यक्ष
श्रीमती आरती विपीन शिवहरे
उपाध्यक्ष
सौजन्य से : नगर परिषद बागली, तहसील बागली जिला-देवास (म.प्र.)


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती संगीता सागर चौहान
सौजन्य से : ग्राम पंचायत चारिया, जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
इन्द्रेन्द्र वास्कले
सौजन्य से : ग्राम पंचायत अमरपुरा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकानाएँ
सरपंच
श्रीमती सुनिता मसानिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत भिलआमला जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकानाएँ
सरपंच
श्रीमती नूरीबाई बामनिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत मुकुंदगढ़ जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
कांतीलाल बामनिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत अवल्दा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
कन्हैयालाल चौहान
सौजन्य से : ग्राम पंचायत कमलापुर जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
रेखाबाई कर्मा
सरपंच
मनोहर यादव
सचिव
हरिसिंह कर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
नवीन तवर
सहा. सचिव
देवकरण देवड़ा
उपसरपंच
सौजन्य से : ग्राम पंचायत बरझाई जनपद पंचायत बागली


सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएँ
स्व. श्री कल्याणसिंह सेंधव
दुलेसिंह दरबार
सचिव
श्यामसिंह राठौड़
अध्यक्ष
बलवानसिंह सेंधव
सौजन्य से- श्री सिद्धनाथ बीज उत्पादक सह.संस्था.मर्या.चापड़ा (बागली)


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती निर्मला जवाहर पाटीदार
सौजन्य से : ग्राम पंचायत छतरपुरा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती मंजु मधानिया
सौजन्य से : ग्राम पंचायत नयापुरा जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती अनिताबाई
सौजन्य से : ग्राम पंचायत गुराड़िया कलां जनपद पंचायत बागली


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
श्रीमती लक्ष्मीबाई
जनपद सदस्य
श्रीमती मीराबाई मण्डलोई
सौजन्य से : ग्राम पंचायत भमौरी जनपद पंचायत बागली


सेन्ट जॉन हायर सेकण्डरी स्कूल चापड़ा
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
St. John's Hr. Sec. School, Chapda
75 वे स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए
सौ. से : प्रबंधक प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
राजेशसिंह राजपूत
प्रबंधक
दिनेश पाटीदार
पूर्व अध्यक्ष
सौजन्य से : सेवा सहकारी संस्था मर्यादित चापड़ा


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सरपंच
तेजसिंह ओसारी
सौजन्य से : ग्राम पंचायत धावड़िया जनपद पंचायत बागली

# फरियादी पर तो एफआईआर होगी आप जिसे चाहे फोन लगा लें : टीआई

## टीआई की हठधर्मिता पर बिफरे लोग, हटाने को लेकर किया थाने का घेराव, एएसपी का आश्वासन टीआई को करेंगे लाइन हाजिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर में एक फरियादी पर ही टीआई द्वारा एफआईआर किए जाने की बात की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन के लोगों ने जब विरोध किया तो थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी नीलेश अवस्थी व हिन्दू संगठन के बीच तीखी नौंक झौंक हो गई और टीआई ने फरियादी के पक्ष में आए लोगों से खुले शब्दों में कह दिया कि आप जिसे चाहे फोन लगा लें, लेकिन फरियादियों पर एफआईआर तो होगी ही। तीखी बहस के बाद गुस्साए हिन्दू संगठन के लोगों ने पुलिस थाने का घेराव करते हुए दोपहर एक बजे के लगभग पुलिस थाने के सामने ही मार्ग के बीच में बैठकर जाम लगा दिया व नारेबाजी करने लगे।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सीधे नारेबाजी करते हुए कहा कि अब तो यह स्पष्ट है, पुलिस प्रशासन भ्रष्ट है। जब से टीआई पदस्थ होकर आए हैं वो मनमानी करते हैं। बिना पैसे लिए अब पुलिस थाने में काम नहीं होता है। ऐसे आरोप लगाते हुए ब्यावरा सिटी पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। इस पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से चर्चा कर सिटी पुलिस थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी को ब्यावरा से हटाकर लाइन भेजे जाने का आष्वासन दिया, तब प्रदर्शन कर रहे लोग माने और जाम समाप्त हुआ।

### क्या है मामला

शहर के जूना ब्यावरा क्षेत्र स्थित भगवा चौराहे पर नाली में पानी निकासी को रोकने की बात पर बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे के करीब एक जाटव परिवार के लोगों पर करीब 15-20 मुस्लिम वर्ग के लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया उनके साथ मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट लिखवाने के लिए परिवार थाने में बैठा था, लेकिन पुलिस द्वारा फरियादी पक्ष पर भी एफआईआर की जा रही थी, इसके बारे में जब टीआई से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फरियादियों पर भी एफआईआर दर्ज होगी, आप चाहे जिसको फोन लगा लो इसके बाद करीब हजार की संख्या में लोग एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे, लोगों ने थाने के सामने जाम लगा दिया। इसके बाद एएसपी शर्मा ने टीआई को लाइन भेजने का आष्वासन आंदोलनकारियों को दिया, तब जाकर प्रदर्शन समाप्त किया। उधर सुबह हुए मामले में पुलिस ने फरियादी मनोज पिता जालमसिंह जाटव निवासी भगवा चौराहें की रिपोर्ट पर आरोपी फरदीन, फरहान, आशिक खान सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 452, 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग की गिरी छत, मजदूर की दबने से मौत

## उप स्वास्थ्य केंद्र में बिल्डिंग का हो रहा था निर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

कालापीपल में एक निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग की छत गिरने से एक मजदूर दबा गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल पूरा मामला इमलीखेड़ा गांव का है। जहां गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निर्माण चल रहा था। जिसका काम पीआईयू और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हो रहा था। लेकिन घटिया निर्माण होने की वजह से निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत गिर गई। जिसकी चपेट में एक मजूदूर आ गया और उसकी दबने से मौत हो गई। घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए। जानकारी के मुताबिक बिल्डिंग का निर्माण 40 लाख रुपए की लागत से हो रहा था। लेकिन बिल्डिंग निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने से एक मजूदर काल के गाल में समा गया। वहीं मामले में जब जिला चिकित्सा अधिकारी राजू निदारिया से बात की गई तो उनका कहना था कि, पीआईयू और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में भोपाल की एक कंपनी निर्माण करवा रही थी। अब देखना यह होगा की इस मामले में आखिर दोषी कौन है और उस पर क्या कार्रवाई होती है। कहीं न कहीं घटिया निर्माण की वजह से एक मजदूर की जान चली गई।

# जन अभियान परिषद ने किया युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**राजगढ़।** स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के तहत मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन अंत्योदय प्रबोधन संस्थान में किया गया। कार्यक्रम में जिले से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कर्यक्रम में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने प्रतिभागियों से कहा कि कुटीर उद्योग एवं ग्रामीण क्षेत्र में जो विभिन्न कामगार हैं, उन्हें चिन्हित कर प्रशिक्षित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रांतीय सहसचिव चंद्रकांत त्रिपाठी ने विवेकानंदजी के जीवन वृतांत एवं उनके द्वारा योग एवं वेदांत के प्रचार के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात समाज में एकरूपता और सामाजिक समरसता के लिए अभियान चलाया। परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए युवा संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक मंगल व्यास ने किया। इस अवसर पर सभी ब्लॉकों के समन्वयक निलेश गुप्ता, बद्री बामनिया, बीरम परमार, भावना लंबाते सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल करेंगे ध्वजारोहण



ब्यावरा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से स्टेडियम ग्राउंड राजगढ़ में आयोजित होगा। समारोह में प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान एवं मध्य प्रदेश गान होगा। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट एवं सलामी होगी। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद पीटी प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण होगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर राजगढ़ में लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजकर 30 बजे प्रारंभ होगा।

# योग आयोग के अध्यक्ष ने किया योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**मुख्यालय के गंज स्कूल में खोला गया है यह केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मुख्यालय स्थित गंज स्कूल परिसर में योग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वेदप्रकाश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग नितांत आवश्यक है। इस केंद्र परयोग करने निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम स्तरों पर भी आगामी दिनों में योग प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने की योजना है।

इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र की जर्जर हालत देखते हुए आयोग अध्यक्ष ने जल्द ही भोपाल आयोग के इंजीनियर को भेजकर मरम्मत करवाने का आष्वासन दिया। उन्होंने जिले से आए योग प्रषिक्षकों से भी चर्चा की। इस दौरान जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंषी ने योग प्रशिक्षण शिविर के बारे में



जानकारी प्रदान की। योग प्रभारी महेश द्विवेदी ने कहा कि जिला मुख्यालय से ग्राम स्तर, स्कूल स्तर तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, मोना सुस्तानी, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, डीपीसी राजेंद्र यादव, जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र सिंह परमार, जिला योग समिति अध्यक्ष कमलेष शर्मा, योग प्रशिक्षक भगवत जांगड़े सहित जिले से आए अन्य योग प्रशिक्षक मौजूद थे।

## सलेहपुर पंचायत का मामला

# पीएम आवास के लिए ली रिश्वत कलेक्टर से की शिकायत



**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा रुपए-पैसों की मांग के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसी कड़ी में ब्यावरा जनपद की सलेहपुर पंचायत के अनेकों लोग बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और आवास स्वीकृत करवाने के एवज में रोजगार सहायक द्वारा रिश्वत लिए जाने की शिकायत कलेक्टर से की।

सलेहपुर निवासी चंदरसिंह, दयालवर्मा, गोकुल वर्मा, भगवान सिंह, धीरपसिंह, लाखन वर्मा, दौलतराम, राकेश सौंधिया, जुझार सिंह, पप्पू सौंधिया, बृजेश, पवन, गोविंद सहित अन्य ने शपथ-पत्र देते हुए बताया कि पंचायत के रोजगार सहायक ने सभी हितग्राहियों से आवास स्वीकृति के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। ग्रामीणों के अनुसार रो. सहायक द्वारा कहा गया कि पैसे ऊपर भी पहुंचाने पड़ते हैं। सभी हितग्राहियों द्वारा रिश्वत दिए जाने के बाद भी काम न होने पर अब उन्होंने कलेक्टर से संबंधित रो. सहायक पर कार्रवाई की मांग की है।

## 17 फरवरी से होगा आयोजन

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की अलख जगाने निकली महिलाओं की टोली



**सारंगपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मानव मे देवत्व एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर अलख जगाने का कार्य शाजापुर से पधारी मनोरमा सोनी एवं ज्योति विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया जा रहा है । डॉ. केके मिश्रा के द्वारा बताया गया कि इस महायज्ञ का आयोजन 17 फरवरी से 20 फरवरी तक होना है इस महायज्ञ में राजगढ़ जिले एवं शाजापुर जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं।




# निःशुल्क आंखों की जांच और उपचार के लिए छापीहेड़ा में लगेगा शिविर

छापीहेड़ा। जीवन की अनमोल धरोहर आंखें हैं, जिससे पूरा संसार देखा जा सकता है। आंखों द्वारा ही देखकर हम अपने दैनिक कार्यों को अग्रिम गति दे पाते हैं। आंखें हैं तो सारा जीवन प्रकाश मय है। इसलिए आंखों की समय-समय पर जांच कराना आवश्यक है। मनुष्य जीवन पाकर सेवा के भाव मन में जागृत हो तो समझो जीवन धन्य है। आंखों के निशुल्क सेवार्थ कार्यों में जो रुचि लेता है वह मनुष्य सार्थक रूप से पुण्य अर्जित करता है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा कृष्णा वैली इंटरनेशनल स्कूल छापीहेड़ा के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया। संस्था प्रबंधक द्वारका प्रसाद गांधी ने आमजन से अनुरोध किया है कि जिनको भी आंखों से संबंधित समस्या है उनको इस संबंध में अवगत कराएं एवं शिविर स्थल कृष्णा वैली स्कूल तक पहुंचाकर जनकल्याण के इस कार्य में भागीदार बनें।

# भैंसवा माता मंदिर की प्रथम शिला का मध्य भारत प्रांत सहकार्वा ने अगुवाई कर किया स्वागत व पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶छापीहेड़ा

सेवा ही सर्वोपरि सेवा के भाव मन में जागृत हो तो जग के कण कण में रमने वाले जगन्नाथ मिल जाते हैं। मां भैंसवा महारानी का विशाल मंदिर बनने जा रहा है। जिसकी प्रथम शीला अन्य प्रदेशों से लाई जा रही है।

वहीं प्रथम शीला का भव्य स्वागत सत्कार नगर छापीहेड़ा में देखा गया। जैसे ही जीरापुर की ओर से ट्रक के माध्यम से नगर छापीहेड़ा में जैसे ही प्रवेश करते ही सर्वप्रथम मध्य भारत प्रांत सहकार्वा हेमंत सेठिया द्वारा अपने निजी प्रतिष्ठान के समीप मंदिर में लगने वाली प्रथम शीला का पुष्पों से स्वागत



आरती कर बड़े सार्थक रूप से दोनों हाथ जोड़कर वंदन किया। मनीष गुप्ता ने पुष्प बिखरते हुए आगे के लिए रवाना किया। तत्पश्चात आगे नगर में जगह-जगह पुष्पों के साथ स्वागत सत्कार हुआ नगर परिषद कार्यालय के समीप मंदिर की प्रथम शीला की आरती पूजन की। वहां उपस्थित विधायक हजारीलाल दांगी, सीएमओ हरिओम शर्मा, श्रीराम नागर, मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण खटीक, पार्षद बद्रीलाल रजक पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया समाजसेवी मुकेश चौधरी, सोसाइटी अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, विशाल सेठिया एवं समस्त कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आदि नगर के प्रबुद्धजनों ने बड़े सार्थक रूप से मंदिर निर्माण की प्रथम शीला का पुष्पों से स्वागत कर वंदन आरती कर पुण्य अर्जित किया।

# मकराना से लाई भैंसवा माता मंदिर ले जाई जा रही शिलाओं का हुआ पूजन



**जीरापुर।** राजगढ़ जिले की प्रसिद्ध धार्मिक स्थली भैंसवा माता मंदिर के नवनिर्मित निर्माण में मकराना से लाई जा रही शिलाओं का नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत एवं पूजन निर्माण कार्य विगत डेढ़ वर्षों से जारी है। मां बिजासन माता का भव्य दिव्य अलौकिक मंदिर निर्माण हजारों वर्षों की परिकल्पना को लेकर मकराना मार्बल से बनने वाले मंदिर की धरातली संरचना करीब 80 फीट नीचे से तैयार हो चुकी। अब मंदिर निर्माण के लिए प्रारंभ मे लगने वाले मकराना मार्बल पत्थर की घड़ाई का कार्य मकराना स्थित माँ काली मार्बल कम्पनी की कार्यशाला में चल रहा है। जहां से निर्माण कार्य के लिए आज बुधवार को पत्थर शिलाओं का आगमन नगर की सीमा में होने पर विधायक हजारीलाल दांगी की अगुवाई में क्षेत्र वासियों ने हर्षित हो उक्त शिलाओं का पुजन कर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## युवा संवाद में बोले मुख्य वक्ता मानस मर्मज्ञ उमाशंकर, एसपी भी रहे मौजूद

# राष्ट्र का युवा राम मंदिर से प्रेरणा लेकर राष्ट्र मंदिर बनाने में जुट गया: उमाशंकर पचौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

भगवान श्रीराम ने संसार को मर्यादा की शिक्षा दी है। उन्होंने संसार के हर संबंध को मर्यादा में जिया है। राम मंदिर बन गया अब भगवान श्रीराम के आदर्श से राष्ट्र को मंदिर बनाना है और घट घट में भगवान राम के आदर्श होना चाहिए। यह बात स्थानीय वल्लभा परिसर में आयोजित राम मंदिर से राष्ट्र मंदिर तक विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मानस मर्मज्ञ उमाशंकर पचौरी ने कही।

उन्होंने कहा कि अब काम यहां से नया शुरू होगा। सौतेली माता के द्वारा दिये गए वनवास को सहर्ष स्वीकार किया। यह भगवान राम ने हमें सिखाया है। उन्होंने कहा कि फिल्मों ने युवाओं को कंफ्यूज किया है। आज क्या बता दिया, कल क्या बता दिया था। इससे हमारी पीढ़ी कंफ्यूज हो रही है। लेकिन भगवान राम का चरित्र एक सिद्धांत सिखाता है। उस पर ही हमें चलना है। केवल सेना से ही राष्ट्र सुरक्षित रहता बल्कि जिस राष्ट्र के युवा जाग्रत हो जाये वहां देश



सुरक्षित हो जाता है। अब कोई भी भारत को क्षति नहीं पहुच सकता। अब भारत का युवा राम मंदिर से प्रेरणा लेकर राष्ट्र मंदिर बनाने में जुट गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी धर्मराज सिंह मीणा रहे। जबकि अध्यक्षता कथावाचक सुदर्शन शर्मा ने की।

### अब हमें समाज की बुराइयों को मिटाना है : एसपी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी धर्मराज मीणा ने कहा कि अब हमें देश से भाषावाद, जातिवाद, भेदभाव, छुआछूत जैसी बुराइयों को मिटाना है। इतिहास में लिखा है राष्ट्रनिर्माण में सबसे पहली शर्त है हम एक जुट हो जाएं। भगवान राम के आदर्श को मानकर कार्य करें। हमें आगे का भारत युवाओं को तय करना है। पाश्चात्य विकार से दूर रहे। हम अपने इतिहास को भूलते जा रहे है। इस स्वाभिमान को फिर से जाग्रत कीजिये।

### समरसता का सबसे बड़ा आदर्श हैं राम

मुख्य वक्ता पचौरी ने कहा कि भगवान श्रीराम को अल्पकाल में ही सारी शिक्षा आ गई थी। उन्होंने समरसता के लिए सीख दी। वे समरसता के लिए सबसे बड़ा उदाहरण है। राम का आदर्श आने के बाद सब समान हो जाएंगे। कोई ऊंचा नीचा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति में राम के आदर्श है। राम मंदिर के बाद अब राष्ट्र को मंदिर बनाना है। जिससे किसी के मन मे कोई संकोच न हो। कोई भेद न हो। पीढियां आएंगी और जाएंगी लेकिन राष्ट्र बचेगा तो हम बचेंगे। इसलिए अब राष्ट्र को आदर्श के बल पर मंदिर बनाना है। युवा पीढ़ी का चिंतन शुरू हो। अपने घर से भगवान राम के आदर्श , मर्यादा शुरू करना इसके बाद नगर, प्रदेश देश के आवश्यक कार्य करना होगा।